हिन्दुस्तान • मुजफ्फरपुर • गुरुवार • 29 जनवरी 2015 04

कुशल शिक्षक बनने की मिली नसीहत

समस्तीपुर। मौलाना मजहरुल हक शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज के छात्र अध्यापकों का 40 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मुक्तापुर स्थित श्रीसुंदर हाई स्कूल में संपन्न हुआ। समापन के अंतिम दिन स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव मो. अबू तमीम ने इस 40 दिवसीय कार्यक्रम के लिए स्कूल के एचएम सहित शिक्षकों को धन्यवाद दिया तथा प्रशिक्षु शिक्षकों को ईमानदारीपूर्वक कार्य करते हुए कुशल शिक्षक बनने की नसीहत दी। इसके अलावा प्रशिक्षु शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना भी की गयी। (ए.प्र)